भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2773
08 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

तेलंगाना में मेट्रो रेल

2773. श्री माधवनेनी रघुनंदन रावः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का तेलंगाना में मियापुर से संगारेड्डी तक मेट्रो रेल का विस्तार करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख): शहरी परिवहन प्रणाली की योजना, प्रबंधन, वित्त पोषण, निगरानी और कार्यान्वयन के लिए पहल-प्रयास संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किए जाते हैं। मेट्रो रेल नीति, 2017 के प्रावधानों के अनुसार संबंधित राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा जब भी प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाते हैं तो केन्द्र सरकार प्रस्ताव की व्यवहार्यता, आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर शहरी रेल आधारित प्रणाली के लिए वित्तीय सहायता पर विचार करती है। तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा मियापुर से संगारेड्डी तक मेट्रो रेल का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव केंद्र सरकार को प्रस्तुत नहीं किया गया है।

****